
# नालसा (चाइल्ड-फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन) स्कीम, 2024

न्याय सब के लिए
ACCESS TO JUSTICE FOR ALL



**प्रत्येक बच्चे को न्याय का अधिकार है, केवल उसके आश्वासन का नहीं।**

आपका अधिकार ❤ आपकी आवाज़ ❤ हमारा समर्थन

## यह योजना क्यों आवश्यक?

**बच्चों को अक्सर कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन हो सकता है कि उन्हें अपने अधिकारों या मदद माँगने के तरीकों की जानकारी न हो।** यह योजना सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक बच्चे को नि:शुल्क, सुरक्षित और बाल-अनुकूल कानूनी सहायता मिले, जिससे सभी के लिए समानता और समान अवसर को बढ़ावा मिले। यह योजना न्याय व्यवस्था के भीतर एक बाल-संवेदनशील वातावरण का निर्माण करती है और भारत के समावेशी समाज के दृष्टिकोण का समर्थन करती है जहाँ कोई भी बच्चा पीछे न छूटे।

**बच्चों के लिए विधिक सहायता कोई सुविधा नहीं, बल्कि उनका अधिकार है।**

## किसे मदद मिल सकती है?
(कोई भी 18 वर्ष से कम आयु का बच्चा)

- विधि का उल्लंघन करने वाले बालक
- देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक
- दुर्व्यवहार, तस्करी, मानसिक हिंसा के शिकार बालक
- बाल श्रम और बाल विवाह के शिकार बालक
- गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन (एमटीपी) की मांग करने वाले बालक
- अदालती मामलों में शामिल बालक (नागरिक/आपराधिक/प्रशासनिक)
- दिव्यांग बालक
- गुमशुदा, परित्यक्त या अनाथ बालक

## क्या सहायता प्रदान की जा सकती है?

- प्रशिक्षित पैनल अधिवक्ताओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल (LADCs) तथा पैरा-विधिक स्वयंसेवकों (PLVs) के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता।
- बाल-केंद्रित, लैंगिक-संवेदनशील, दिव्यांगजन-समर्थक एवं आघात-संवेदनशील सहायता।
- पुलिस जांच से लेकर मुकदमे की कार्यवाही तक हर चरण पर सहायता
- पॉक्सो पीड़ितों को मुआवजा दिलाने में सहायता
- बचाव, पुनर्वास और सुरक्षा के लिए सहायता
- दत्तक ग्रहण, अभिरक्षा और पारिवारिक मामलों में सहायता
- सरकारी योजनाओं और लाभों तक पहुँचने में सहायता

## बच्चें सहायता कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं?

- ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण (डी.एल.एस.ए.)
- तालुका विधिक सेवा समितियाँ (टी.एल.एस.सी.)
- फ्रंट ऑफिस और विधिक सहायता क्लीनिक
- पुलिस थाना और बाल न्यायालय
- किशोर न्याय बोर्ड (जे.जे.बी.)
- बाल कल्याण समिति (सी.डब्ल्यू.सी.)
- जेल, ज़िला बालक संरक्षण इकाई (डी.सी.पी.यू.), और वन स्टॉप सेंटर (ओ.एस.सी.एस)
- बालक देखरेख संस्थाएँ (सी.सी.आई)

## विशेष सहायता प्रणाली

हर ज़िले में एक लिगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन" (एल.एस.यू.सी.) बनाई गई है, जिसमें शामिल हैं:

| प्रशिक्षित पैनल अधिवक्ता | प्रशिक्षित लिगल ऐड डिफेंस काउंसिल (एल.ए.डी.सी.) | प्रशिक्षित पैरा-विधिक स्वयंसेवक (पी.एल.वी.) |
|---|---|---|

## याद रखें

- FREE कानूनी मदद पूरी तरह से मुफ़्त है।
- हर बच्चे को न्याय, सुरक्षा और सम्मान पाने का हक़ है।
- किसी भी बच्चे को भेदभाव या कलंक का सामना नहीं करना पड़ेगा।
- बच्चों को सुरक्षित एवं सहयोगपूर्ण वातावरण में सुना जाएगा।
- उनके अधिकारों से कोई समझौता नहीं।

### एक नई शुरुआत, निष्पक्ष आवाज़ और सुरक्षित भविष्य — हर बच्चे के लिए

कानूनी सहायता हेतु | इस लिंक पर जाएँ - https://nalsa.gov.in या https://scourtapp.nic.in/lsams

| कानूनी सहायता हेल्पलाइन पर कॉल करें: | अपने निकटतम | चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल करें: |
|---|---|---|
| 15100 | एस.एल.एस.ए. / डी.एल.एस.ए. जाएँ। | 1098 |

**हर बच्चा मायने रखता है | आइए, न्याय, संरक्षण और समान अवसरों के लिए एकजुट हों |**

सोशल मीडिया पर हमें फॉलो करें

nalsa.india.1 | nalsalegalaid | NalsaLegalAid | @NALSA | National Legal Services Authority

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण

महिला एवं बाल विकास विभाग